e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
स0सं0:– 17–सरकारी भूमि (अनुरक्षण कोषांग)–95/2019–पार्ट–I................

प्रेषक,

दीपक कुमार सिंह, भा0प्र0से0
अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

महाप्रबन्धक,
पूर्व मध्य रेलवे,
हाजीपुर, बिहार।

पटना, दिनांक :–

विषय :– बिहार राज्य में संचालित विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया के आलोक में आपके मंडल अधीन रेलवे की भूमि का ब्यौरा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

प्रसंग :– भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय, बिहार, पटना का पत्रांक–4909 दिनांक–13.06.2023

महाशय,

उपर्युक्त प्रासंगिक विषय एवं पत्र संलग्न कर स्पष्ट करना है कि बिहार राज्य में विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत रैयतों के अधिकार–अभिलेख एवं ग्रामवार मानचित्र बनाने का कार्य प्रक्रियाधीन है। इस कार्यक्रम अंतर्गत प्रासंगिक पत्र में वर्णित 20 जिलों में चल रहे विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्य को राज्य के सभी जिलों के सभी अंचलों में कार्य प्रारंभ करने की कार्रवाई पूर्ण की जा चुकी है एवं नवनियोजित कर्मियों द्वारा राज्य के सभी अंचलों में जून, 2024 से कार्य प्रारंभ कर दिया जाएगा।

उक्त के आलोक में स्पष्ट करना है कि राज्य के विभिन्न जिलों में विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया के क्रम में रेलवे की भूमि का सीमांकन स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं होने के कारण एवं सीमांकन के अभाव में रेलवे लाईन के साथ संलग्न भूमि एवं रेलवे द्वारा अन्य उपयोग में लाई जा रही भूमि से सम्बद्ध भूमि के रैयतों द्वारा भू–स्वामित्व के दावों में रेलवे की भूमि स्पष्ट रूप से चिन्हित नहीं हो पा रही है। इस समस्या के कारण रैयतों द्वारा किए जा रहे दावों के आलोक में रेलवे की भूमि का अधिकार–अभिलेख रैयतों के नाम पर निर्धारित होने की प्रबल सम्भावना है। वर्त्तमान में बेगूसराय जिला अंतर्गत चल रहे विशेष सर्वेक्षण कार्य अंतर्गत विभिन्न अंचलों/ग्रामों में रेलवे की भूमि की विवरणी प्राप्त नहीं होने के कारण स्वामित्व निर्धारण में आ रही बाधा के संबंध में बन्दोबस्त कार्यालय, बेगूसराय द्वारा प्रतिवेदन उपलब्ध कराया गया है, जो इस पत्र के संलग्न है।

अतः उक्त के आलोक में अनुरोध है कि बेगूसराय जिले अंतर्गत रेलवे की भूमि की विवरणी प्राथमिकता के आधार पर अविलंब बन्दोबस्त पदाधिकारी, बेगूसराय को उपलब्ध कराने हेतु निदेश देने की कृपा की जाय एवं प्रथम चरण के 20 जिलों एवं तत्पश्चात् शेष 18 जिलों के रेलवे की भूमि की विवरणी जिला के बन्दोबस्त पदाधिकारी को उपलब्ध कराने के लिए भी सम्बन्धित पदाधिकारियों को निदेशित किया जाए।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाए।

अनुलग्नक– यथोक्त।

विश्वासभाजन
ह0/–
(दीपक कुमार सिंह)
अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः 17–सरकारी भूमि (अनुरक्षण कोषांग)–95/2019–पार्ट–I ....**पटना, दिनांकः**....................

प्रतिलिपिः– मंडल रेल प्रबन्धक, समस्तीपुर/सोनपुर/दानापुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0/–
अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग

E-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

ज्ञापांकः 17–सरकारी भूमि (अनुरक्षण कोषांग)–95/2019–पार्ट–I ....2012.... **पटना, दिनांकः** 06/05/2024

प्रतिलिपिः बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज, अररिया/बांका/बेगूसराय/जमुई/जहानाबाद/कटिहार/खगड़िया/लखीसराय/मधेपुरा/मुंगेर/नालंदा/पूर्णिया/सहरसा/शेखपुरा/शिवहर/सीतामढ़ी/नवादा/गया/अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी बन्दोबस्त पदाधिकारी, अरवल/अररिया/सुपौल/प0 चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/5/2024

सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

ज्ञापांकः 17–सरकारी भूमि (अनुरक्षण कोषांग)–95/2019–पार्ट–I ....2012.... **पटना, दिनांकः** 06/05/2024

प्रतिलिपिः प्रभारी पदाधिकारी, पटना/कैमूर (भभूआ)/रोहतास (सासाराम)/भोजपुर/बक्सर/दरभंगा/समस्तीपुर/मधुबनी/सारण/सिवान/गोपालगंज/मुजफ्फरपुर/वैशाली/पूर्वी चम्पारण/ औरंगाबाद/भागलपुर/नवादा/गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/5

सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 17–सरकारी भूमि (अनुरक्षण कोषांग)–95/2019–पार्ट–I ....2012.... **पटना, दिनांकः** 06/05/2024

प्रतिलिपि : भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना, राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में पदस्थापित प्राचार्य/अनुदेशक एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–प्रमण्डलों के नोडल पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/5

सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 17–सरकारी भूमि (अनुरक्षण कोषांग)–95/2019–पार्ट–I ....2012.... **पटना, दिनांकः** 06/05/2024

प्रतिलिपि : निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

6/5

सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांकः 17–सरकारी भूमि (अनुरक्षण कोषांग)–95/2019–पार्ट–I ....2012.... **पटना, दिनांकः** 06/05/24

प्रतिलिपि : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

6/5/2024

सहायक निदेशक,
भू–अभिलेख एवं परिमाप